SCAT NEWS
स्कैट समाचार

The Latest Update on Whats Happening Around Us In The World Of Satellite & Cable TV

सैटेलाइट और केबल टीवी की दुनिया में हमारे चारों तरफ क्या हो रहा उसका नवीनतम अपडेट

BIG FM PLANS SIX NEW DIGITAL-FIRST NEWS CHANNELS

BIG FM has applied to the Ministry of Information and Broadcasting (MIB) for permission to launch six digital-first broadcast news channels, marking a major expansion of its news business under BIG News Network.

The move follows its acquisition of Sapphire Media's existing news operations, including India Daily 24x7. The proposed network will focus on national, regional and hyperlocal news, with vernacular content and short-form digital formats.

The expansion forms part of BIG FM's ONE BIG WORLD, an AI-powered media ecosystem integrating radio, news, digital platforms, digital out-of-home (DOOH) media and live experiences.

DD FREE DISH ANNOUNCES 104TH E-AUCTION FOR MPEG-4 SLOTS

Prasar Bharati has invited applications from eligible television broadcasters for its 104th e-auction of vacant MPEG-4 slots on DD Free Dish. The auction was tentatively scheduled to begin on October 28, 2026, covering the allocation period from November 1, 2026, to March 31, 2027.



Slots will be allotted on a pro-rata basis under the E-auction Methodology 2025, along with its subsequent amendments. Only satellite television channels permitted by the Ministry of Information and Broadcasting are eligible to participate, including authorised international public broadcasters.

TAM MEASUREMENT INITIATIVE COULD BOOST MSO ADVERTISING NETWORK

TAM Media Research's return-path data (RPD)-based television measurement initiative could help multi-system operators (MSOs) develop a unified advertising network for Platform Services (PS) channels.

The proposed platform would enable advertisers to purchase hyperlocal television inventory across multiple cable networks through a single buying window.

छह नये डिजिटल फर्स्ट न्यूज चैनल शुरू करने की योजना बना रहा है बिग एफएम

बिग एफएम ने सूचना व प्रसारण मंत्रालय (एमआई बी) से छह डिजिटल फर्स्ट न्यूज चैनल शुरू करने की अनुमति मांगी है। यह कदम 'बिग न्यूज नेटवर्क' के तहत उनके न्यूज बिजनेस के बड़े विस्तार को दर्शाता है।

यह कदम 'सफायर मीडिया' के मौजूदा न्यूज ऑपरेशंस –जिसमें इंडिया डेली **24x7** भी शामिल है–के अधिग्रहण के बाद उठाया गया है। प्रस्तावित नेटवर्क राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समाचारों पर केंद्रित होगा, जिसमें स्थानीय भाषाओं के कंटेंट और छोटे डिजिटल फॉर्मेट शामिल हैं।

यह विस्तार बिग एफएम के 'वन बिग वर्ल्ड' का हिस्सा है, जो एआई आधारित मीडिया इकोसिस्टम है। इसमें रेडियो, समाचार, डिजिटल प्लेटफॉर्म, डिजिटल आउट–ऑफ–होम (डीओओएच) मीडिया और लाइव अनुभव शामिल है।

डीडी फ्री डिश ने एमपीईजी–4 स्लॉट के लिए 104वीं ई–नीलामी की घोषणा की

प्रसार भारती ने डीडी फ्री डिश पर खाली पड़े एमपीईजी–**4** स्लॉट की **104**वीं ई–नीलामी के लिए योग्य टेलीविजन प्रसारकों से आवेदन आमंत्रित किया है। यह नीलामी संभावित रूप से **28** अक्टूबर **2026** से शुरू होनी है, जिसमें **1** नवंबर **2026** से **31** मार्च **2027** तक की अवधि के लिए स्लॉट आवंटित किये जायेंगे।

'ई–नीलामी कार्यप्रणाली **2025**' (और इसमें बाद में होने वाले संशोधनों) के तहत स्लॉट 'प्रो–राटा' आधार पर आवंटित किये जायेंगे। इसमें केवल वे सैटेलाइट टेलीविजन भाग ले सकते हैं जिन्हें सूचना व प्रसारण मंत्रालय से अनुमति प्राप्त है, इसमें अधिकृत अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक भी शामिल हैं।

टीएएम मापन पहल से एमएसओ विज्ञापन नेटवर्क को बढ़ावा मिल सकता है

टीएएम मीडिया रिसर्च की 'रिटर्न–पाथ डेटा' (आरपीडी) पर आधारित टेलीविजन मापन पहल, मल्टी सिस्टम ऑपरेटर्स (एमएसओ) और 'प्लेटफॉर्म सर्विसेज' (पीएस) चैनलों के लिए एक एकीकृत विज्ञापन नेटवर्क विकसित करने में मदद कर सकती है।

प्रस्तावित प्लेटफॉर्म विज्ञापनदाताओं को एक ही जगह से कई केबल नेटवर्कों पर स्थानीय टेलीविजन इन्वेंट्री खरीदने की सुविधा देगा।



GTPL Hathway has already introduced an RPD-based measurement framework, while Fastway, UCN, Den and other distribution platform operators are exploring similar initiatives.

TAM is handling the backend of the emerging measurement process, with plans to aggregate data from participating operators. The initiative could help cable operators demonstrate audience reach, improve advertiser confidence and monetise fragmented local channel inventory.

GTPL HATHWAY ROLLS OUT RPD-BASED TV AUDIENCE MEASUREMENT

GTPL Hathway has begun publishing television viewership data through a Return Path Data (RPD)-based measurement framework, offering an additional source of audience insights amid the ongoing freeze on industry television ratings.

The initiative currently covers more than 10,000 RPD-enabled set-top boxes across over 200 towns and approximately 3,000 PIN codes. The company plans to expand the sample to around 50,000 households in the coming months.

BROADCASTERS SEEK CLARITY ON ADVERTISING LIABILITY UNDER DRAFT RULES

Indian broadcasters have urged the government to clarify their responsibility for advertising claims made by third-party advertisers under the proposed broadcasting authorisation rules.



The industry is particularly concerned about provisions linking compliance with the Programme Code and Advertising Code to authorisation renewal. Broadcasters argue that while they can exercise reasonable due diligence before carrying advertisements, the responsibility for substantiating product claims, technical specifications and commercial representations should rest primarily with advertisers and manufacturers.■

जीटीपीएल हैथवे ने पहले ही आरपीडी आधारित मेजरमेंट फ्रेमवर्क पेश कर दिया है, जबकि फास्टवे, यूसीएन, डेन और अन्य वितरण प्लेटफॉर्म ऑपरेटर भी ऐसी ही पहल पर विचार कर रहे हैं।

टीएएम इस उभरती हुई मापन प्रक्रिया के बैकएंड को संभाल रहा है, और इसकी योजना इसमें शामिल ऑपरेटरों से डेटा एकत्र करने की है। इस पहल से केबल ऑपरेटरों को अपनी दर्शक पहुंच दिखाने, विज्ञापनदाताओं का भरोसा बढ़ाने और बिखरी हुई लोकल चैनल इन्वेंट्री से कमाई करने में मदद मिल सकती है।

जीटीपीएल हैथवे ने आरपीडी आधारित टीवी दर्शक मापन शुरू किया

जीटीपीएल-हैथवे ने 'रिटर्न पाथ डेटा' (आरपीडी) पर आधारित मापन प्रणाली के जरिए टीवी दर्शकों के डेटा को प्रकाशित करना शुरू कर दिया है। ऐसे समय में जब टीवी इंडोग की रेटिंग्स पर रोक लगी हुई है, यह दर्शकों के बारे में जानकारी पाने का अतिरिक्त जरिया साबित होगा।

इस पहल में अभी **200** से ज्यादा शहरों और लगभग **3000** पिन कोड क्षेत्रों में **10,000** से ज्यादा आरपीडी सक्षम सेट टॉप बॉक्स शामिल है। कंपनी आने वाले महीनों में इस दायरे को बढ़ाकर लगभग **50,000** घरों तक ले जाने की योजना बना रही है।

ड्रॉफ्ट नियमों के तहत विज्ञापनों से जुड़ी जवाबदेही पर स्पष्टता की मांग की प्रसारकों ने

भारतीय प्रसारकों ने सरकार से आग्राह किया है कि वे प्रस्तावित 'ब्रॉडकास्टिंग ऑथराइजेशन नियमों' के तहत, तीसरे पक्ष के विज्ञापनदाताओं द्वारा किये गये दावों के लिए प्रसारकों की जिम्मेदारी को स्पष्ट करें।

उद्योग जगत को उन प्रावधानों को लेकर विशेष चिंता है, जो 'प्रोग्राम कोर्ड' और 'विज्ञापन कोड' के अनुपालन को लाइसेंस के नवीनीकरण से जोड़ते हैं। प्रसारकों का तर्क है कि हालांकि वे विज्ञापन दिखाने से पहले उचित सावधानी बरत सकते हैं, लेकिन उत्पादों के दावों, तकनीकी विवरणों और व्यावसायिक बयानों को सही साबित करने की मुख्य जिम्मेदारी आमतौर पर विज्ञापनदाताओं और निर्माताओं की होनी चाहिए।■